साल 6 बेमिसाल
सामाजिक गतिविधियों का लेखा जोखा
सबसे पहले सबसे तेज

मासिक
कुमावत इंडिया
कुमावत प्रगति ट्रस्ट की सामाजिक पत्रिका

Email : kumawatindiapatrika@gmail.com
Website : www.kumawatindiapatrika.in

वर्ष-8 | अंक-4 नवम्बर-2023 पृष्ठ-28 मूल्य : ₹ 20.00

मेरा वोट मेरा भविष्य

अपना कर्तव्य निभाएंगे सबसे मतदान करवाएंगे



लोकतंत्र का उत्सव

DPS AJMER
Sr. Sec. School
Tabiji Farm Road, Ajmer
ESTABLISHING
The Right Environment
We believe in building a modern culture using both traditional & next-generation tools. So, your child's natural talents can blossom.
SHASHI PAL KUMAWAT
Chairman
Archery & International
Level Shooting Range
Swimming Pool
"DPS Wave Pulse"
Horse Riding Club
Won Laurels at the National Level
Our Activities
Skating Rink
Karate Club
We have won Karate Championship at District, State & National Level.
Art & Craft
Tabiji Farm Road, Near D.D. Puram, Beawar Road, Ajmer
Web: www.dpsajmer.in
E-Mail: info@dpsajmer.in

कुमावत प्रगति ट्रस्ट

पता : एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018

संरक्षक	:	जयकिशन सोकिल	मो. 9829125428
अध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट	मो. 9887440666
उपाध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)	मो. 9414074376
सचिव	:	श्रीमती भारती तोंदवाल	मो. 9414810584
कोषाध्यक्ष	:	लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल	मो. 9549656438
सदस्य ट्रस्टी	:	सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल)	मो. 9829056063
		रमेश कुमावत (गेदर)	मो. 9414554322
		चेतन बालोदिया	मो. 9414052736
		मोहन लाल कुमावत	मो. 9887557425
मुख्य सलाहकार	:	सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा)	मो. 9414994006
सलाहकार	:	गिरधारी लाल सिंघनवाल	मो. 9414263429

सम्पादक मण्डल : रमेश चन्द कुमावत (गैदर) सम्पादक -9414554322, जयसिंह गुड़ीवाल सह-सम्पादक 9461343432, मनीष कुमावत 9660702083, रमेश तोंदवाल 9460870125 रवि कुमावत 9829600411, लक्ष्मीनारायण सिरस्वा 9829791846, उर्वशी बालोदिया 9351680888, प्रिया मारवाल 9408093778 **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

व्यवस्थापक मण्डल : महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496, श्रीमती राजबाला बिर्थला 7976475370, अशोक कुमावत -9352070394, श्रीमती शशि कला बालोदिया, मुकेश कारगवाल 9828606056 व राजसिंह बधानिया 9414238799 **उप-कोषाध्यक्ष :** खेमचंद खड़गटा 9829140629 **विधि सलाहकार :** राकेश कुमावत एडवोकेट 9829152561 विशेष आमंत्रित सदस्य : मनोज सिरस्वा।

पत्रिका सहयोगी :

छत्तीसगढ़ : रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397** **दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580** **सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444** **वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299** **मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188** **जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301** **कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402** **सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657** **उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044**, जगदीश मामोडिया **मो. 9024805687** **ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493**, रवि बेडवाल **मो. 8290303003** **बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957** **सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812** **इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645** **किशनगढ़ :** प्रभुदयाल तुनगरिया **9680931428**

सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ट संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-650

विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700

नोट 1 : संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ट संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

नोट 2. 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे। 6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385 यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर रसीद प्रेषित करें।

स्वत्वाधिकार : कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक सी.एम. कुमावत द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018 से प्रकाशित, सम्पादक रमेश चंद कुमावत।

सम्पादकीय

आप सभी ने दीपावली का त्योहार उल्लासपूर्वक मनाया, सभी का जीवन में दीपावली के जगमग दीपों की भांति रोशन हो, यही मंगलकामना है। देव उठनी एकादशी से **शादी-विवाहों की धूम** होगी, अनेक नवयुवक-युवतियां अपना दाम्पत्य जीवन प्रारम्भ करेंगे, उन सभी को हमारी शुभकामना। हमें शादी-विवाह में निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिये-

अपव्यय: हमारे समाज में भी वणिक समाज की देखादेखी कर, शादी में बड़ा आयोजन करने व खर्च करने की होड़ लगने लगी है। जो समाजबंधु व्यवसाय में है ओर उनकी सामर्थ्य है वो ऐसा करें तो थोड़ा समझ आता है, किन्तु नौकरी पेशा व मध्यमवर्गीय परिवार के लोग भी इसका अनुकरण करने लगे हैं। कुछ लोग उधार लेकर ऐसा कर रहे हैं इससे जीवन दुखदायी हो सकता है। अपनी आर्थिक सीमा रेखा को ध्यान रखकर खर्च करना ही श्रेयष्कर है।

प्री-वेडिंग शूट जैसी नई विधा भी शादी का हिस्सा बनती जा रही है। पाश्चात्यकरण की होड़ में हम हमारे संस्कारों से दूर न हों तो ही अच्छा है। प्री-वेडिंग शूट की वजह से रिश्तों में नकारात्मकता आयी और विवाह पूर्व ही रिश्ते टूटने की नौबत आ गई। इससे जहां फोटोग्राफी का खर्च बढ़ा वहीं रिश्तों में बिखराव की रिश्क बढ़ी। तो इसे हमें क्यों अपनाएं? पेरेन्ट्स को इस बारे में निर्णय लेना चाहिये।

फूड वेस्टेज शादी-सगाई जैसे आयोजनों में देखा जा सकता है। भारत जैसे देश में करोड़ों लोग भूखे ही सो जाते हैं वहीं आधा पेट सोने वाले कहीं ज्यादा है। दुल्हा-दुल्हन के माँ-बाप ने अपने जीवनभर की बचत से यह दावत दी होगी। फूड वेस्ट कर हम अन्न भगवान का अनादर न करें। **''उतना ही ले थाली में, न जाये यह नाली में।''** इस सम्बन्ध में यह निवेदन है कि आप कोई समारोह करें तो समारोह बाद बचा खाना किसी NGO को गरीबों में बांटने के लिए देने की व्यवस्था पहले से कर लें।

पिक पॉकेट्स (जेब कतरे) का शादियों के सीजन में मौज होती है, ऐसे अपराधी नये कपड़े पहनकर आते हैं तथा मेहमानों की जेब व सोने की चेन काट ले जाते हैं। छोटे बच्चों से चोरी कराते हैं जो ज्वैलरी व नकदी से भरे बैग को नजर चूकते ही चुरा ले जाने में माहिर होते हैं, इनका ध्यान रखें। जो लोग शादी में अपने घर बंद करके जाते हैं, वहां चोर हाथ साफ कर देते हैं। घर की सुरक्षा कैसे हो, इसका ध्यान दिया जाये।

शादी पवित्र बंधन है, यह संस्कार हमारे रीति-रिवाजों के अनुसार खुशी-खुशी पूर्ण हो, अत: सभी थोड़ी सावधानी अवश्य बरतें।

- रमेश चन्द कुमावत

हमारी वेबबसाइट www.kumawatindiapatrika.in पर आप 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के पिछले अंक व अन्य विवरण देख सकते हैं।

सम्पादकीय	3
सरयू तट पर जलाये 21 लाख दीये	4
शरद महोत्सव रास-घूमर का आयोजन	5
यात्रा संस्मरण : प्रयोगराज	6
बूंदी में श्रीराम की शोभायात्रा निकाली व प्रतिभाओं को सम्मानित किया	7
रतनी कुमावत भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट महिला तहसील अध्यक्ष मनोनीत	7
राजकुमारी कुमावत महिला गोल्फ टीम की कप्तान नियुक्त	7
सामूहिक विवाह	7
गेट को लेकर विवाद से आशीष की हत्या, पड़ौसी ही निकला हत्या कराने वाला	7
क्या जरूरी है शादी में दुल्हन का बेस या लहंगा ?	8
सूचना का ज्ञान	8
अपनों के साथ रहो हमेशा	8
स्थापना दिवस विशेष : जयपुर शहर	9
प्राचीन मूल्यों का महत्व और हमारा समाज-2	10
अपच, गैस और पेट फूलने का निदान करती है मूली की चटनी	11
भावी पीढ़ी के लिए पेड़ लगाइये	11
बुजुर्ग नहीं भाग्यशाली लोग	12
सर्दी का मौसम में खानदान	13
त्वचा का रखें ध्यान	13
श्रम ही जीवन है	14
माँ से शिकायत	14
छेड़छाड़ पर 4 वर्ष का कारावास	15
डिजिटल मार्केटिंग में बनाये अपना कैरियर	16
मतदान दिवस लोकतंत्र का महापर्व	17
हिसाब	17
ईश्वर जड़-चेतन सभी में है, हमें अहंकार से बचना चाहिए	18
सांस्कृतिक ज्ञान	18
कुंडली से आयु निर्धारण	19
आईये जाने पीपल के वृक्ष के बारे में	19
विशिष्ट संरक्षक सूची व श्रद्धांजलि	20
विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची	21
आवश्यक सूचनाएं व पत्रिका नहीं मिलने पर सम्पर्क सूत्र	22
मुकेश वर्मा को कांग्रेस महासचिवपद पर पदोन्नत किया	23
प्रभुदयाल तुनगरिया पंतजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा सम्मानित	23
राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 में कुमावत समाज के प्रत्याशीगण	24
हर घर दिवाली माहेत्सव-2023	25
आरएएस व आरटीएस प्रतियोगी परीक्षा में उत्तीर्ण समाजजन	25
बधाई विज्ञापन	26
श्रद्धांजलि विज्ञापन	27

दीपावली की पूर्व संध्या पर

सरयू तट पर जलाये 24 लाख दीये

11 नवम्बर 2023, अयोध्या। दीपावली की पूर्व संध्या 11 नवम्बर 2023 को अयोध्या में पुष्पक विमान से श्रीराम आये। हेलीपेड से श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गयी जिसे रामकथा पार्क लाया गया। रथ पर श्रीराम-जानकी के साथ तीनों भाई, हनुमान तथा गुरु वशिष्ठ सवार थे। इस रथ को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री माननीय ब्रजेश पाठक तथा राज्यपाल माननीय आनन्दीबेन पटेल खींच रहे थे। इस रथ को रामकथा पार्क लाया गया जहां पर श्रीराम का राज्याभिषक सी.एम. योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया।

अयोध्या में दीपावली की पूर्व संध्या पर यह 7वाँ भव्य आयोजन हुआ। सरयू तट के 51 घाटों पर 24 लाख दीये जलाएं गये, जिनकी 8 ड्रोनों से गणना की गयी तो 22 लाख 23 हजार दीप जलाने का विश्व रेकार्ड बना। दीपोत्सव पर 54 देशों के राजदूत भी समारोह का हिस्सा बने। आसमान से पुष्पवर्षा की गयी। इस अवसर पर सारी अयोध्या राममय हो गई।

निर्माणाधीन राममंदिर भी रोशन से जगमग था। समारोह को देखने लाखों लोग अयोध्या पहुँचे। हिन्दुओं की आस्था का सबसे बड़ा त्यौहार जिस भव्यता से मनाया गया उसके लिए उ.प्र. सरकार तथा कार्यकर्ताओं को धन्यवाद। 22 जनवरी, 2023 का दिन अयोध्या के राममंदिर में रामलला को विराजमान करने का घोषित किया जा चुका है। हिन्दु धर्ममावलम्बी इस दिन की उत्साह से प्रतिक्षा कर रहे हैं।

श्री कुमावत क्षत्रिय महिला विकास संस्था जयपुर द्वारा

'शरद महोत्सव रास-घूमर' का आयोजन

कार्यक्रम में जमकर झूमीं महिलाएं

गुलाबी नगरी के समृद्ध भक्तिमय और गौरवशाली इतिहास को संजोयें राजस्थानी घूमर नृत्य को पहचान दिलाने के उद्देश्य से श्री कुमावत क्षत्रिय महिला विकास संस्था, जयपुर द्वारा 'शरद महोत्सव, रास घूमर' का आयोजन श्याम नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र, जयपुर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि चेतन कुमावत, अतिथि श्रीराम नीमीवाल, श्रीमती कृष्णा बड़ीवाल व श्री अशोक कुमावत द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरूष महिलायें और बच्चे पारम्परिक वेशभूषा में नजर आये। कार्यक्रम में आदर्श नगर से आये ग्रुप ने **नैना रा लोभी**, बापू नगर से **घूमर रमवा न जास्या**, विद्युत नगर से **गजबन गोरी बनी ठणी**, झोटवाडा से **दे ग्यो कागज पोस्टमैन** गानों पर अपनी प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इसके बाद श्री कुमावत क्षत्रिय महिला विकास संस्था अध्यक्ष सुनीता नान्दीवाल व कार्यकारिणी द्वारा **श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी व मेरो मन है गयो लटा पटा...** ने दर्शकों को उत्साहित और आनंदित कर दिया। प्रथम बापू नगर ग्रुप, द्वितीय आदर्श नगर ग्रुप, तृतीय झोटवाडा ग्रुप व विद्युत नगर ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मंच संचालन भारती तोंदवाल ने किया।

मुख्य अतिथि चेतन कुमावत ने कहा कि भारतीय संस्कृति और भारतीय धरोहर काफी खूबसूरत है। चाहे वह राजस्थानी घूमर नृत्य हो या गुजरात का रास गरबा अपनी इन्हीं धरोहरों के कारण भारत पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखता है। परंपरा और लालित्य के उत्सव के रूप में, घूमर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करता है और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की याद दिलाता है। यह मनमोहक नृत्य शैली यह सुनिश्चित करती है कि राजस्थान की विरासत की भावना और गरिमा बनी रहे और आने वाली पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध करती रहे।

संस्था की वरिष्ठ संरक्षिका उमा माचीवाल ने कहा कि घूमर नृत्य आज के आधुनिक, कानफोड़ू व हाईटेक मनोरंजन की चमक-दमक के आगे इतिहास के पन्नों में स्थान लेता जा रहा है। घूमर नृत्य एक सुंदर नृत्य शैली है। बॉलीवुड भी इस लोक नृत्य को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करने में गर्व महसूस करता है। राजस्थानी भाषा, लोक नृत्यों, साहित्य और संस्कारों को एक अलग पहचान दिलाने के लिए इस शरद महोत्सव, रास-घूमर का आयोजन किया जा रहा है।

अध्यक्षा सुनीता नान्दीवाल ने कहा कि यह बढ़ता हुआ कदम राजस्थानी सभ्यता और संस्कृति को गौरान्वित करने का प्रयास है। शरद महोत्सव, रास-घूमर के माध्यम से इस भव्य सांस्कृतिक धरोहर को पहचान दिलाने की कोशिश की जाती रही है।

इस अवसर पर कृष्णा बड़ीवाल, राजेश धुंधारिया, राजेश कुमावत पार्षद, सी.एम.बड़ीवाल, रमेश गैदर, पिन्नू कारगवाल, जयसिंह कुमावत, स्नेहप्रभा कुमावत, मूलचंद खोवाल, मीना कुमावत, सुरेंद्र मारोठिया, रमेश तोंदवाल सहित कई समाज के गणमान्य व वरिष्ठ लोग मौजूद रहे।

सभी अतिथियों एवं गणमान्य लोगों ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में होते रहना चाहिए। इससे महिला जाग्रति को बल मिलता है।

दोस्ती आम है लेकिन ऐ दोस्त,
दोस्त मिलता है बडी मुश्किल से।

जयपुर से चलकर आने वाली ट्रेन सुबह 5 बजे प्रयागराज पहुंचती है। हमारे बी-5 कोच के सामने मेरे मित्र अरूण कुमार स्वागत के लिये तैयार मिले। घर पहुंच कर नास्ता किया फिर प्रातः 7 बजे ही गंगा-यमुना के संगम स्थल पर स्नान हेतु पहुंचकर संगम में सपत्नीक डुबकी लगाई। वहां जल का अर्ध्य दिया व दुग्धाभिषेक किया।

यहां संगम स्थल पर हर वर्ष माघ के महीने में एक माह तक माघ मेला लगता है। भारत के विभिन्न स्थानों से आये हुये लोग यहां एक माह तक कल्पवास करते हैं। प्रशासन द्वारा गंगा-यमुना व संगम के आस-पास मेला क्षेत्र में व्यवस्थित तरीके से टेन्ट लगाये जाते हैं। पूरे एक महीने तक लोग यहां रहते है। तीर्थ स्नान करते है। जप,तप,हवन व पूजा पाठ करते है, खुद का बनाया हुआ भोजन करते है, किसी से कुछ लेते नहीं है व दान करते है। हमारे साथी जे.पी. मिश्रा भी यहां कल्पवास करने आये हुये है। हम संगम से सीधे गंगा तट पर तुलसी मार्ग स्थित मिश्रा जी के टेन्ट में पहुंचे। मिश्राजी व उनकी धर्मपत्नी साथ-साथ कल्पवास कर रहे थे, यहां आने पर हमें भी कल्पवासी होने की अनुभूति हुई। वापस घर आकर दोपहर का भोजन किया।

अगले दिन प्रयागराज भ्रमण का कार्यक्रम बनाना था। मेरे पुत्र मनीष ने प्रयागराज के 10 प्रमुख दर्शनीय स्थलों की लिस्ट गूगल से ढूंढकर भेज दी थी। अरूण ने रूट के अनुसार क्र म सेट कर लिया। प्रातः ही ''श्री अलोप शंकरी शक्तिपीठ मंदिर'' में दर्शन किये। यहां कोई मूर्ति स्थापित नहीं है। गर्भ गृह में छत से लटकते हुये झूले में देवी की पूजा होती है। यहां का प्रबंधन श्री पंचायती अखाडा महानिर्वाणी, दारागंज प्रयाग द्वारा किया जाता है।

...शेष पृष्ठ 15 पर

श्रीमती भारती वर्मा

शिक्षिका के द्वारा राज्य सेवा सफलतापूर्वक
पूर्ण कर ऐच्छिक सेवानिवृत्ति लेने पर

हार्दिक बधाई

एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना

शुभेच्छु

श्रीमती विद्या-स्व. भवानी शंकर तोंदवाल (सास-ससुर) रमेश तोंदवाल (पति),
श्रीमती कृति-आभास एवं श्रीमती रेणुका-अभिनंदन (पुत्रवधू-पुत्र)
एवं समस्त तोंदवाल परिवार

विज्ञापन

60, जय जवान कॉलोनी-द्वितीय, टोंक रोड, जयपुर मो. 94608 70125

बूंदी में श्रीराम की शोभायात्रा निकाली व प्रतिभाओं को सम्मानित किया

राजस्थान कुमावत युवा शक्ति, बूंदी की ओर से 24 अक्टूबर, 2023 को बड़े ही उल्लास से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा कुमावत समाजबंधुओं द्वारा पूजा-अर्चना करके बैण्ड बाजे के साथ निकाली जो कुमावत धर्मशाला पहुंची। शोभायात्रा में श्रीराम-सीता तथा शिव-पार्वती की झांकियां थीं तथा महिलाएं कलश लेकर चल रही थीं। मार्ग में अनेक जगहों पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

इसके बाद प्रतिभा सम्मान समारोह में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर पदक प्राप्त खिलाड़ियों व प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वकुमावत क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामेश्वर बम्बोरिया एवं श्री ललित जालवाल तथा विशिष्ठ अतिथिगण जयनारायण जूनवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान कुमावत युवा शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष रतन नगरिया ने की। सर्वश्री भंवरलाल उदयवाल, दिनेश, घनश्याम दंबीवाल, चंदू चश्मेवाले, महिन्द्र सिरोहा, हजारीलाल, जगदीश, बिशनाराम, बद्री व मोहन आदि गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

रवीना तोंदवाल जिलाध्यक्ष निर्वाचित : उक्त कार्यक्रम में कुमावत महिला मण्डल बूंदी का गठन किया गया तथा रवीना तोंदवाल को जिलाध्यक्ष बनाया गया। श्रीमती रवीना तोंदवाल को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से हार्दिक बधाई।

रतनी कुमावत भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट महिला तहसील अध्यक्ष मनोनीत

चित्तौड़गढ़। भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट द्वारा सुश्री रतनी कुमावत को चित्तौड़गढ़ तहसील की महिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

सुश्री कुमावत को भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, ग्लोबल वर्किंग, बाल विवाह, गो-रक्षा व मानव हितों से जुड़े मामलों पर कार्यवाही करने, इनसे जुडे अपराधों की निगरानी करने का दायित्व सौंपा गया है। 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से सुश्री रतनी कुमावत को हार्दिक बधाई।

राजकुमारी कुमावत महिला गोल्फ टीम की कप्तान नियुक्त

गोवा में आयोजित 37वें नेशनल गेम्स के लिए मध्य प्रदेश मिनी गोल्फ एसोसिएशन ने राजकुमारी कुमावत को महिला टीम की कप्तान नियुक्त किया है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से राजकुमारी कुमावत को महिला टीम कप्तान बनाए जाने पर हार्दिक बधाई।

सामूहिक विवाह

17 अप्रेल 2024 रामनवमी को श्री कुमावत समाज सुधार व सेवा समिति, नावां द्वारा 16वां सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन श्री रघुवरदास महाराज की बगीची, राधाकृष्ण भगवान का मंदिर, नावां में आयोजित किए जाने की घोषणा की गई है।

गेट को लेकर विवाद से आशीष की हत्या पड़ौसी ही निकला हत्या कराने वाला

कुमावत बाड़ी, खातीपुरा, जयपुर के आशीष कुमावत की हत्या पड़ौसी रमेश मारवाल ने 25 अक्टूबर, 2023 को करवायी। प्रथम दृष्टया मोटरसाइकिल एक्सीडेन्ट का मामला लग रहा था। जब हत्या की आशंका बताई गई तो एक्सरे कराने पर शरीर में गोली मिली। पुलिस ने 50 पुलिसकर्मी लगाकर इसकी जांच कराई तो CCTV फुटेजों से 6 दिनों में ही इसकी गुत्थी सुलझ गई।

पुलिस ने कॉलडिटेल का एनालिसिस किया तो नावां के कुछ नम्बर संदिग्ध मिले। नावां में पुलिस टीम भेज कर रैकी कर तूफान और गिरधारी को पुलिस ने पकड़ लिया। जिनसे ज्ञात हुआ कि पड़ौसी रमेश मारवाल ने गेट के विवाद के चलते 2 लाख रुपये सुपारी देकर यह हत्या करवाई थी। पुलिस ने हथियार, कारतूस व बाईक बरामद कर इन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302, 120बी तथा आयुध अधिनियम के तहत अवैध हथियार रखने का प्रकरण भी इनके विरुद्ध दर्ज किया है। मृतक के 7 वर्ष का बच्चा तथा परिवार है जिसके जीवन यापन का प्रश्न भी खड़ा हो गया है।

इतनी सी बात से आशीष की जान चली गई तथा 3 युवक इस अपराध में लिप्त होने से अपना कैरियर तो खो बैठे तथा कारागार की सींखचों के भीतर रहने को मजबूर भी होंगे। यदि विवेक व शांति से काम लिया होता तो मामला ऐसा नहीं था कि सुलझ नहीं सकता था।

क्या जरूरी है शादी में दुल्हन का बेस या लहंगा तथा दुल्हे की महंगी शेरवानी ?

एक युवती की जिदंगी में उसकी शादी एक महत्वपूर्ण पल होता है। दुल्हन इस पल को यादगार बनाने के लिए चाहती है कि उसकी शादी का जोड़ा (बेस या लहंगा) सबसे खास हो, जो श्रृंगार का अहम हिस्सा भी होता है। वे दिन लद गये जब दुल्हन साड़ी पहनकर सात फेरे लेती थी। दुल्हनों की इस नब्ज को पहचाना शादी का जोड़ा बेचने वाले दुकानदारों ने। इन्होंने अपने बड़े-बड़े शोरूम बना लिए जहां पर शादी के जोड़ों का डिस्प्ले आकर्षक ढंग से किया जाता है। जो वहां खरीदने गया, समझो फंस गया। इन शोरूम्स पर बेस या लहंगों की कीमतें दुगनी-तिगुनी होती है। यदि होने वाली दुल्हन को वहां बेस या लहंगा पसंद कराने ले गये तो वह अधिक काम किये आकर्षक व महंगे बेस या लहंगा पहले दिखाते हैं जिनकी कीमत लाखों में होती है। फिर धीरे-धीरे कम रेंज वाले। ऐसे में कम काम व कीमत वाले बेस या लहंगा भला कैसे पसंद आयेगा। यदि अन्य शोरूम पर भी जाते हैं तो यही ट्रेंड मिलता है। ऐसे में शादी का महंगा जोड़ा (बेस या लहंगा) लेने के अतिरिक्त अन्य विकल्प नहीं रहता व दुल्हा-दुल्हन के परिवारजनों की असहज स्थिति बन जाती है।

अधिक काम वाला महंगा व आकर्षक बेस या लहंगा सिर्फ स्वयं की शादी में पहन लिया जाता है और फिर अलमारी में बंद हो जाता है। क्योंकि निकट रिश्तेदारों की शादी का इंतजार रहता है। जब ऐसा मौका आता है तो भारी भरकम बेस सम्भालना मुश्किल हो जाता है। अब जिस दुल्हन की शादी है तो उसके जोड़े से कहीं भारी काम का बेस रिश्तेदार महिला पहने मिलती है तो लोग उसकी तुलना करने लगते हैं इससे स्थिति असहज बन जाती है। तो ऐसा बेस या लहंगा खरीदो जो अन्य अवसरों पर पहनने में दिक्कत नहीं हो।

अब बात आती है कि क्या शादी में दुल्हन का बेस या लहंगा जरूरी है ? डिजाइनर महंगा बेस या लहंगा पहनना दुल्हन के लिए आवश्यक नहीं है, पर यह निर्णय करना दुल्हन व परिजनों पर निर्भर है। अनेक शादियां ऐसी भी होती हैं जिन्हें दुल्हनों ने अच्छी साड़ी पहनी है जिनमें अमीर व गरीब परिवार दोनों शामिल है। उन्होंने अपनी परम्पराओं तथा सादगी को महत्व दिया था। उदाहरण के तौर पर विद्या बालन, दिया मिर्जा, एश्वर्या रॉय, मोनी रॉय, दीपिका पादुकोण, काजोल, पत्रलेखा, यामी गौतम आदि अभिनेत्रियों ने अपनी शादी में साड़ी पहनी। क्या ये अभिनेत्रियां महंगे बेस या लहंगा खरीदने में समर्थ नहीं थी ? इसलिए चकाचौंध से बचें तथा देखा-देखी करके महंगे बेस या लहंगा लेने के बजाए उचित बजट वाले शादी के जोड़े या अच्छी साड़ी पहनकर फेरे लें। भला ऐसी चीज क्यों लें जिसका असानी से उपयोग बाद में न कर सकें।

दुल्हे की शेरवानी : अब बात आती है दुल्हे की शेरवानी की। देखा जाए तो यह मुगलों की पोशाक रही है। पर भारतीय दुल्हों ने भी इसे अपना ही लिया। आजकल इनके भी बड़े-बड़े शोरूम खुल गये हैं जहां शेरवानी की कीमत हजारों में होती है, यदि मामूली सी भी विशेषता इसमें और जोड़ दें तो फिर यह दुगनी-तिगुनी दरों पर मिलती है। इसलिए एक दिन के शौक के लिए इस मद पर ज्यादा पैसा बर्बाद करना कहां तक उचित है ? ग्रीष्म ऋतु के सावों में 'एक तो गर्मी ओर उस पर शेरवानी' पहनने से दुल्हा असहज हो जाता है। तो क्यों नहीं इसके विकल्प 'डिजायनर कुर्ता' पहनने पर सोचा जाये, जो हल्का होता है व अधिक कीमत का नहीं होता। फिर इसे बाद में अच्छे समारोहों में भी पहना जा सकता है।

अत: परम्परा तथा देखादेखी की होड़ से बाहर निकलना ही श्रेयस्कर है। हमें ऐसे कपड़े लेने चाहिये जिसे पहनने से शरीर को आराम मिले व आर्थिक भार भी ज्यादा न हो।

सूचना का ज्ञान

सूचना के ज्ञान (Knowledge of Information) से हम चतुर तो बन सकते है, परन्तु बुद्धिमान नहीं। सूचना के ज्ञान पर आधारित शिक्षा पद्धति से यह आम समस्या है। हमारे पास सूचना का भंडार बहुत बढ़ गया है। अत:हम दूसरों को शिक्षा देने में बहुत माहिर हो रहे है, यानि चतुर हो रहे हैं पर वह ज्ञान स्वयं के जीवन में उतारने में प्राय: असफल हो जाते है। ऐसा ज्ञान हमारे चेतन मन (Conscious Mind) तक सीमित रहता है तथा अवचेतन मन (Sub-Conscious Mind) की Programming को बदलने में असमर्थ रहता है। स्वयं को बदलने वाला ज्ञान ही यथार्थ ज्ञान है। जिस पल इस बात का भान हमें हो जाता है उसी पल से हमारे बुद्धिमान होने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

- सुखराम सिंघाटिया

अपनों के साथ रहो हमेशा

रिश्तों से पीछा छुड़ाते छुड़ाते, एक दिन खुद रिश्ते आपसे पीछा छुड़ा लेते है। पैसा तो बहुत होता है आप के पास, पर प्यार से गले लगाने वाला कोई नहीं होता। कंधे पे हाथ रख के, 'मैं हूँ ना', बोलने वाला कोई नहीं होता है। इसलिए कभी कभी अपने सिद्धांतों को एक तरफ रख के, सब में घुलमिल जाया करो। हो सकता है किस्मत ने कुछ खास पल लिख रखें हो आप की किस्मत में। इसलिए सदा अपनों के साथ रहो।

सम्बन्ध कोई भी हो लेकिन यदि दु:ख में साथ न दे अपना।
फिर सुख में उन संबंधों का रह जाता कोई अर्थ नहीं।।

- रामधारी सिंह दिनकर

जयपुर शहर

जयपुर की स्थापना में कुमावत समाज के कारीगरों एवं मिस्त्रियों का योगदान रहा, क्योंकि पहले भवन निर्माण केवल कुमावत जाति के द्वारा ही किया जाता था। इस सुन्दर शहर को भविष्य के 500 सालों की जरूरत के अनुसार दूरदर्शितापूर्वक किया गया तथा निर्माण ऐसा किया कि तत्कालीन महल व इमारतें देश-विदेश से पर्यटक देखने आते हैं।

ढूंढाड़ के प्राचीन गढ़, किले और हवेलियां गर्मी में ठंडी और सर्दी में गरम रहती है। इनका निर्माण इतने अच्छे सलीके से किया गया की बरसात के पानी का इनमें प्रवेश ही नहीं हो सकता था। इस कारण भवनों में आज तक सीलन नहीं आई।

जयपुर की इमारतों के अलावा दीवारों और परकोटे पर किया गया रंग-रोगन कभी फीका नहीं पड़ता। उस जमाने में आज की तरह हर साल परकोटा और हवेलियों पर रंग रोगन कराने की जरूरत ही नहीं पड़ती थी।

जयपुर अर्ध मरुस्थली धरती पर बसा है। नवग्रह के हिसाब से नौ वर्ग मील में बने परकोटे की चौड़ी दीवार में चूने के साथ करीब बीस प्रतिशत काली मिट्टी का मिश्रण किया गया। **लाल सुर्खी और कली को बैलों के घरहट से पीस कर बनाए चूने का प्लास्टर किया जाता। यह प्लास्टर 296 साल के बाद भी नहीं उखड़ा और चार दिवारी आज भी पहले की तरह सीना ताने खड़ी है।**

जयपुर इतिहास के जानकार देवेंद्र भगत के मुताबिक दीवारों में तालाब की काली मिट्टी का गारा पत्थर के साथ मिलाने से इनकी जड़े चूने की पकड़ जैसी मजबूत की गई। बिना पट्टियों के **चूने और कंकरों को मिलाकर बनाई लदाव की छते** आज भी इतनी मजबूत है कि इनमें सीलन नहीं आई।

छत पर फर्श पर दाना मैथी, गुड़ और मुल्तानी मिट्टी मिले पाउडर के मिश्रण को कली चूनें में मिलाकर लेपन किया जाता। कभी कली के भट्टे बहुत थे। मिट्टी के लड्डू बना उन्हें आग में पका कर खोर बनाई जाती। खोर को घरहट में पीस चूना बनाया जाता।

आमागढ़ पहाड़ के पत्थर से ही जयपुर बसा है। यह पत्थर नमी को सौंखता है। कई इमारतों में **चूने के साथ शीशे का घोल का मिश्रण** कर मजबूती दी गई है। महाराजा कॉलेज आदि में चौकोर पत्थर के चारों तरफ चूने का ऐसा मजबूत लेप किया गया जिससे दीवार में पानी नहीं पहुंच सकता। आगे पीछे झरोखे और बरामदे बनाने से मकान में सीलन नहीं पहुंचती थी।

पीली मिट्टी और घरहट का चूना मिलाकर रामरज रंग बनाया जाता। यह रंग बरसों तक खराब नहीं होता। यह रंग सीलन को अन्दर जाने से रोकता। मोटी दीवारों के बीच मिट्टी के मिश्रण की तकनीक के बारे में कवियों ने कहा था, कि—

''जयपुर शहर नगीना, अंदर मिट्टी ऊपर चूना।''

दीवारे मोटी और ऊंची छतें होने से महलनुमा कमरे हर मौसम के अनुकूल बने रहते। प्रवेश द्वार पर बनी **ड्योडी** तो हर तरह के मौसम का मकान पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने देती। **हवेली के बीच खुला चौक** होता जिससे कमरों में शुद्ध हवा रोशनी आती रहती। मकान के चारों तरफ **छज्जेनुमा मुंडेर** बौछारों से मकान को बचाती।

हवेली और इमारत के बाहर चबूतरे बनाने से बरसात का पानी नीव में नहीं जाता।

ऊपरी की मंजिल पर बने महल जैसे कमरों के बाहर कटाईदार छज्जों का बरामदा होता। ऊपर के कमरे के बाहर चांदनी भी बनाई जाती।

जयपुर में आज भी अनेक पुरानी हवेलियां हैं जिनमें ऐसी चांदनी मौजूद है। दरवाजे के ऊपर **चंद्राकर खिड़कियां** होती। उनमें लाल पीले हरे कांच लगाए जाते। यह रंगीन कांच सूर्य की तेज रोशनी को कमरे में आने नहीं देते। झरोखों का निर्माण बड़े सुंदर ढंग से जयपुर की वास्तु कला के अनुरुप हुआ।

- जितेन्द्र सिंह शेखावत
वरिष्ठ पत्रकार व इतिहासकार

प्राचीन मूल्यों का महत्व और हमारा समाज-2

पिछले अंक में हमने हमारे उन प्राचीनतम मूल्य की चर्चा की थी जो आज भी एक समाज को अग्रणी समाज बनाने के लिए प्रासंगिक है। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए, आज हम कुछ ऐसे मूल्यों की चर्चा करेंगे जो हमारे व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ हमें एक आदर्श सामाजिक नागरिक भी बनाते हैं। व्यक्ति समाज की इकाई होता है। व्यक्ति का विकास समाज का विकास होता है। हम अपने कुमावत समाज को, जो वैसे भी एक शांतिप्रिय समाज माना जाता है एक अग्रणी, विकसित, समृद्ध समाज बनाने का स्वप्न देखते हैं तो उसके लिए शुभारंभ हमें खुद से ही करना होगा। हम अपने आप को एक आदर्श की तरह स्थापित करेंगे तब ही हमारी आने वाली पीढ़ी भी हमारे मार्ग का अनुसरण करेगी और इस तरह उसके बाद आने वाली पीढ़ी। सोशल इंजीनियरिंग का यह सकारात्मक पहलू होता है। जिसमें हम एक विचार से पूरे समाज को प्रभावित कर उसकी मानसिकता को पूरी तरह परिवर्तित कर देते हैं। उदाहरण के लिए एक आलसी व्यक्ति को यदि कर्मठ बनाना है ,तो सिर्फ प्रतिदिन उसे बोलने से कि 'काम करो, काम करो' वह कर्मठ नहीं बनेगा। लेकिन हां यदि हम समस्या के कारण पर काम करें और वहां से एक माहौल बनाने लगे कि 'कर्मठता ही जीवन है' तो शायद उस आलसी व्यक्ति की सोच में परिवर्तन आने लगे। व्यक्ति पर नहीं, उसकी सोच पर प्रहार करना आवश्यक है। तो आइए, कुछ ऐसे ही सोच परिवर्तित करने वाले हमारे पुराने शास्त्रीय मूल्यों की विवेचना को आगे बढ़ाते हैं। पिछली बार हमने स्वावलंबन, उत्तराधिकारी निर्धारण, कैवल्य ज्ञानम अहिंसा परमो धर्म और अनर्थ दंड त्याग व्रत इन पांच प्राचीन मूल्यों को समझा था। अब आगे-

परस्परोपग्रहो जीवानाम : इस प्राचीन दर्शन का अर्थ है ,सभी जीव एक दूसरे पर आश्रित है। अर्थात सभी जीव एक दूसरे के प्रति सहायक या सेवक की भूमिका में है। सभी धर्म में कुछ संस्कार ऐसे हैं जो दिखने में छोटे लगते हैं लेकिन उनके पीछे बहुत बड़ी सोच छिपी होती है। जैसे कबूतरों को दाना डालना, गाय और कुत्ते को रोटी देना यह छोटी-छोटी बातें हम सभी की दिनचर्या में शामिल है। लेकिन यह हमें अपने प्रकृति के सभी प्राणियों का ध्यान रखने का संदेश भी देती है। यह 'मैं' की भावना का त्याग कर 'हम' की भावना सिखाती है। जब व्यक्ति प्रत्येक वस्तु को 'हम' के दृष्टिकोण से देखने लगता है तो अपने-आप समाज के विकास की गाड़ी अपनी गति पकड़ लेती है। कल्पना कीजिए एक कुमावत व्यापारी ने अपना बिजनेस स्थापित किया। तो दूसरे कुमावत बंधु ने जो सरकारी कार्यालय में था, उसकी कागजी कार्यवाही में मदद की। वही तीसरे कुमावत बंधु ने जो आर्थिक रूप से मजबूत था उसकी कर्ज चुकाने मदद की वहीं उस व्यापारी ने अपने नए बिजनेस में निर्धन कुमावत बेरोजगारों को नियुक्ति दी। अर्थात 'समाज प्रथम' की विचारधारा का अनुसरण कर हम अपने समाज कल्याण की परंपरा को आगे बढ़ा सकते हैं। जितने भी समृद्ध समाज है, सभी में कम्युनिटी वेलफेयर को सर्वोपरि रखा जाता है। वहां किसी कार्य के लिए धनराशि मिनटों में एकत्र हो जाती है। समाज बंधु जब तक एक दूसरे के पैर खींच गिराने के स्थान पर एक दूसरे को हाथ पकड़ ऊपर खींचने का कार्य नहीं करेंगे, समाज का विकास संभव नहीं है। हमेशा याद रखना चाहिए कि

दरिया बनकर किसी को डूबाने से बेहतर है।
की जरिया बनकर किसी को बचाया जाएँ।।

सत्य अणुव्रत : हम बचपन से सीखते हैं कि सदा सत्य बोलना चाहिए, चोरी नहीं करनी चाहिए, ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। यह ऐसे मूल्य है जिनके ऊपर एक ईमानदार, सत्यनिष्ठ समाज की आधारशिला रखी जाती है। हमें लगता है व्यवहारिक जीवन में यह सब संभव नहीं है। परंतु ऐसा नहीं है यदि हम बचपन से ही सत्य को एक व्रत की तरह धारण करें और अपने बच्चों को कराएं तो वह स्पष्टवादी, पारदर्शी, ईमानदार और सत्यवादी नागरिक बनेंगे। इससे हमारा समाज एक विश्वसनीय समाज के रूप में उभरेगा। जब हम दुनिया को विश्वास देते हैं तभी हमें विश्वास मिलता है। बाजार में एक साख बनती है। समाज का नाम ऊंचा होता है। यह कठिन है, परंतु मुश्किल नहीं ।

लगा ले जोर दुनिया अब, मेरे खिलाफ हो जाए
ठान ली हैं मैंने, मुझे ईमानदार होना है।
रास्ता कठिन है, माना मैंने
पर किसी को तो दुनिया में समझदार होना है।।

अनेकांतवाद: इसका अर्थ है कि हर चीज को समझने के अनेक अंत हो सकते हैं। अर्थात हर बात को देखने के अनेक अंत होते हैं। उदाहरण के लिए एक पेंटर ने एक तस्वीर बनाई। उसे एक व्यक्ति ने एक तरफ से देखा और कहा यह तो लाल रंग से बनाई गई है। दूसरे व्यक्ति ने दूसरी तरफ से देखा और कहा कि नहीं यह तो पीले रंग से बनाई गई है। दोनों में बहस होने लगी तब महावीर स्वामी वहां से गुजरे उन्होंने कहा कि यह तस्वीर आपकी तरफ से लाल है और आपकी तरफ से पीली है। एक ही चीज को देखने का सबका अपना-अपना नजरिया होता है। इस पर हमें फिजूल की बहस में नहीं पड़ना चाहिए। आज हम समाज में देखते हैं कि आपसी मामूली सा वाद-विवाद भी एक बड़े झगड़े का रूप धारण कर लेता है। यदि हम अनेकांतवाद को मानने लगे तो समाज की सूरत ही बदल जाए। अनेकांतवाद कहता है कि "you are right is right (तुम सही हो ,यह ठीक है) but only you are right is wrong (लेकिन, सिर्फ तुम ही सही हो यह गलत है)। हम सामने वाले के दृष्टिकोण को भी सम्मान दे, तो अनावश्यक वाद-विवाद और बहस से बच सकते हैं। आज प्रत्येक समाज में वैवाहिक बंधन शिथिल हो रहे हैं। तलाक की दर बढ़ती जा रही है। प्रत्येक मतभेद का एक ही कारण होता है, 'मैं सही, तुम गलत'। यदि इसके बदले हम दूसरे के नजरिए को समझें और बात को वहीं छोड़कर आगे बढ़ जाए, let go कर दें तो कितने ही रिश्ते टूटने से बच जाए। कई विकसित समाज है, जो छोड़ो, आगे बढ़ो, खत्म करो के सिद्धांत पर काम करते हैं और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ते हैं।

जिंदगी का यह हुनर भी आजमाना चाहिए।
जंग अगर दोस्तों से हो तो हार जाना चाहिए।।

अत: प्राचीन मूल्यों और संस्कारों को अपनाकर हम अपने सपनों का समाज बना सकते हैं।

– **डॉ. प्रिया मारवाल,** एसोसियेटेड प्रोफेसर

अपच, गैस और पेट फूलने का निदान करती है मूली की चटनी

अधिकांश लोग मूली को सलाद के तौर पर खाते हैं। मूली से आने वाली गंध के कारण इसे कई लोग नही खाते। मूली पोषण तत्वों से भरपूर होती है। मूली की चटनी और पराठे का स्वाद भी लाजवाब होता है। मूली के पराठे तो सर्दियों का बेहतरीन नाश्ता होता है। मूली में फाइबर और प्रोटीन के साथ आयरन, कैल्शियम, पोटैशियम और मैंगनीज अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें इम्युनिटी को मजबूत बनाने के लिए विटामिन-सी भी होता है। मूली के सेवन से पेट संबंधी सारी समस्याओं को दूर रखा जा सकता है, जैसे पेट फूलना, गैस की परेशानी व अपच नहीं होती। इसे खाने से अनेक संक्रामक रोगों से बचे रह सकते हैं। इसकी पत्तियों में भी फाइबर, इम्यून सिस्टम को दुरुस्त बनाने वाले और बॉडी को डिटॉक्स करने वाले गुण मौजूद होते हैं इसलिए मूली की चटनी अपनी डाइट में शामिल करना ठीक है।

मूली की चटनी की रेसिपी बनाने का तरीकाः 1/2 मूली, 1-2 मूली के पत्ते, 2 हरी मिर्च, 1 टमाटर, 5 लहसुन की कलियां, 1/2 इंच अदरक का टुकड़ा, थोडा सा धनिये की पत्तियां, 1/2 नींबू का टुकड़ा, नमक स्वादानुसार, 1/2 चम्मच हींग, 1 टीस्पून काला नमक, 1/4 कप पानी

ऐसे बनाएं चटनी

- मूली को छीलकर व धोकर इसके टुकड़े कर लें।
- मिक्सी में कटी मूली, इसके पत्ते, नमक, काला नमक, अदरक, लहसुन, धनिया की पत्ती, नींबू का रस, हींग और थोड़ा सा पानी भी डाले।
- इन सभी का पेस्ट बना लें।

तैयार है एकदम टेस्टी मूली की चटनी। इसे आप रोटी व चावल के साथ साइड में सर्व कर सकते हैं। इसे खाने से पेट सम्बन्धी सभी रोगों से बचाव जा जाता है। **-शोभिका कुमावत**

भावी पीढ़ी के लिए पेड़ लगाइये

हमारे जीवन में पेड का कितना महत्व है, यह हम इस लेख में जानेंगे। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने हमारे पर्यावरण संतुलन को बिगाड़ने का काम किया है। 50 वर्ष पूर्व जितनी हरियाली पहाड़ों व मैदानों में थी वह आज नगण्य है, ऐसा विश्वभर में हो रहा है। मानव ने निर्माण व विकास के नाम पर घर, दफ्तर, कारखाने तो बना लिए किन्तु खनन व इमारती लकड़ी की जरूरत ने पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने में जरा भी नहीं सोचा। परिणामतः आज पारिस्थतिकी संतुलन बिगड़ गया। पृथ्वी दिन-प्रतिदिन गर्म हो रही है, हिमाचल जैसी चोटियां जहां बर्फ रहती थी तथा अटार्कटिका जैसे बर्फीले महाद्वीप से अब बर्फ पिघल रही है। यह अच्छा संकेत नहीं है।

अब अत्यधिक गर्मी या सर्दी होने लगी वहीं बरसात ने भी पहाड़ी राज्यों व मैदानों में अपना रोद्र रूप दर्शाया है। भारत ही नहीं अपितु चीन, पाकिस्तान, यूरोपीय देश अमेरिका जैसे देशों में बाढ़ ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित किया है। जानमाल के नुकसान की तो सीमा ही नहीं रही। अतिक्रमण ने इस नुकसान को और बढ़ाने का काम किया।

अतः हमें पेड़ लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने पर सामाजिक, शासकीय स्तर पर सोचना ही होगा। अगर पर्यावरण बचेता तो हम बचेंगे। अन्यथा आगामी पीढ़ियों को हम क्या देकर जायेंगे? हमने जो विकास किया उसका क्या फायदा होगा? पेड़ों का महत्व इससे स्पष्ट होता है कि एक पेड़—

- एक वर्ष में 700 किग्रा आक्सीजन का उत्सर्जन करता है, जो हमारी प्राणवायु है।
- एक वर्ष में 20 टन कार्बनडाईआक्साइड को सोखता है जो हानिकारक गैस होती है।
- एक वर्ष में 1 लाख वर्ग मीटर वायु को साफ करता है।
- एक वर्ष में 80 किग्रा पारा, लीथियम, लेड जैसी जहरीली धातुओं के मिश्रण को सोखता है।
- एक वर्ष में 20 किग्रा धूल सोखता है तथा ध्वनी/शोर (प्रदूषण) रोकने का कार्य करता है।
- मिट्टी के कटाव को रोकने का कार्य करता है, चाहे वह हवा से हो या पानी से। इससे उपजाऊ मिट्टी बच जाती है तथा बाढ़ आदि से बचाव होता है।
- गर्मी के दिनों में एक पेड के नीचे लगभग 4 डिग्री तापमान कम पाया जाता है।
- जहां पेड़ व जंगल होते हैं वहां वर्षा ठीक होती है तथा सूखा व अकाल नहीं पड़ता।

जब इस पृथ्वी पर पेड़ पर्याप्त मात्रा में होंगे तो धरती का तापमान नियंत्रित रहेगा ओर इसके दुष्प्रभावों से बचा जा सकेगा।

आईये हम सब पेड़ लगायें तथा इस धरती को हरा-भरा बनाकर स्वर्ग बनायें। अन्यथा इस वर्ष उत्तराखण्ड, हिमाचल व सिक्कम में तेज वर्षा, बाढ़ व पहाड़ दरकने की जैसी घटनाएं हुईं और सम्पत्ति की व जनजाति हुई वैसी घटनाएं होने की और आशंका है।

बुजुर्ग नहीं भाग्यशाली लोग

वे भाग्यशाली लोग हैं जो 60 पार कर गये। एक जापानी पुस्तक के अनुसार जापान में, डॉ. वाडा 60 साल से अधिक उम्र के लोगों को, 'बुजुर्ग' कहने के बजाय, 'भाग्यशाली लोग' कहने की वकालत करते हैं।

डॉ. वाडा ने 60 साल के लोगों के 'भाग्यशाली व्यक्ति' बनने के रहस्य को '36 वाक्यों' में इस प्रकार समझाया :-

1. चलते रहो।
2. जब आप चिड़चिड़ा महसूस करें तो गहरी सांस लें।
3. व्यायाम करें, ताकि शरीर में अकड़न महसूस न हो।
4. गर्मियों में, एयर-कंडीशनर चालू होने पर, अधिक पानी पिएं।
5. आप जितना चबाएंगे, आपका शरीर और मस्तिष्क उतना ही ऊर्जावान होगा।
6. याददाश्त उम्र के कारण नहीं, बल्कि लंबे समय तक मस्तिष्क का उपयोग न करने के कारण कम होती है।
7. ज्यादा दवाइयां लेने की जरूरत नहीं है।
8. रक्तचाप और रक्त शर्करा के स्तर को जानबूझ कर कम करने की आवश्यकता नहीं है।
9. केवल वही काम करें, जिससे आप प्यार करते हैं।
10. चाहे कुछ भी हो जाए, हर समय घर में नहीं रहना चाहिए। रोज घर से बाहर जरूर निकलें, और टहलें भी।
11. जो चाहो खाओ, पर स्वयं की नियन्त्रित रखिये।
12. हर काम सावधानी से करें।
13. उन लोगों से वह व्यवहार न करें, जिससे आप भी नापसंद करते हैं।
14. अपनों का ख्याल रखें।
15. बीमारी से, अंत तक लड़ने के बजाय इसके साथ जीना बेहतर है।
16. मुश्किल समय में, आगे बढ़ने से मदद मिलती है।
17. हर बार, खाना खाने के बाद, थोड़ा सा गुनगुना पानी, अवश्य पियें।
18. रात में, जब भी उठें, पानी अवश्य पियें।
19. जब नींद नहीं आये, तो जबरदस्ती न करें।
20. खुशमिजाज चीजें करना, दिमाग को तेज करने वाली सबसे अच्छी गतिविधि है।
21. अपने लोगों से बातचीत करते रहें।
22. एक 'पारिवारिक चिकित्सक' को, अपने आसपास जल्दी खोज लें ।
23. धैर्य रखें, लेकिन अत्यधिक नहीं, या हर समय अपने आप को अच्छा बनने के लिए मजबूर न करें।
24. नया सीखते रहें, वरना बूढ़े कहलाएंगे।
25. लालची मत बनो, अब जो कुछ भी तुम्हारे पास है, वही अच्छा व काफी है।
27. जब कभी बिस्तर से उठना हो, तो तुरंत खड़े न हों, 2-3 मिनट रुककर, उठें।
28. जितनी अधिक परेशानी वाली चीजें हैं, उतनी ही दिलचस्प हैं।
29. स्नान करने के बाद कपड़े पहनते वक्त दीवार आदि का सहारा लें या कुर्सी पर बैठकर पहने।
30. वही करें, जो अपने और दूसरों के लिए हितकारी हो।
31. अपने आज को, इत्मिनान से जिएं।
32. इच्छा, दीर्घायु का स्रोत है!
33. एक आशावादी के रूप में जियें।
34. प्रसन्नचित्त व्यक्ति, लोकप्रिय होंगे।
35. जीवन और जीवन के नियम आपके अपने हाथों में हैं।
36. इस उम्र में सब कुछ शांति से स्वीकार करे!

हँसते रहिये हंसाते रहिये, तंदुरुस्त रहिए।

बीस दिनां स्यूं भागादौड़ी,
सारो दिन ही काम काम।
पूजा हुगी, काम सलटग्यो
अब दिवाली रा राम राम।
साफ सफाई, रंगा पोती,
और घणांई ताम झाम।
पूजा हुगी, काम सलटग्यो,
अब दिवाली रा राम राम।
झाड़ा पूंछ्या, घर सजाया,
लाग्या रेया, सुबह शाम।
पूजा हूगी, काम सलटग्यो,
अब दिवाली रा राम राम।
लाडू चक्की काजू कतली
जलेबी भुजिया गुलाबजाम
पूजा हूगी , काम सलटग्यो,
अब दिवाली रा राम राम।
झिलमिल दीया फूलझड़ी
फटाकां री धूं धड़ाम
पूजा हूगी, काम सलटग्यो,
अब दिवाली रा राम राम।
छोटोड़ा ने घणी आसीस्यां
बड़ोड़ा ने करां प्रणाम
पूजा हूगी, काम सलटग्यो,
अब दिवाली रा राम राम घणे प्रेम स्यूं।

- राजेश खोरानिया, (कुमावत)

सर्दी का मौसम में खानदान

सर्दी के मौसम में हमारी पाचन शक्ति बहुत बढ़ जाती है। इसके कारण इस मौसम में खाया-पीया आसानी ये पच जाता है। इससे हमारे शरीर को पर्याप्त मात्रा में उचित व पौष्टिक तत्वों (खाद्य पदार्थों) के नहीं मिलने पर शरीर की धातुएं जलकर कम हो जाती हैं। इसलिए पौष्टिक तत्वों का सेवन करना जरूरी होता है। अन्यथा शरीर को नुकसान पहुंचता है। आजकल वजन नहीं बढ़ने देने व स्लीम (पतला) रहने की चाह में डायटिंग पर रहने की प्रवृत्ति के कारण शरीर के लिए आवश्यक प्रोटीन विटामिन युक्त खान पान नहीं लेते हैं। ऐसे व्यक्तियों का शरीर व त्वचा कमजोर होकर नुकसान पहुंचता है। इस मौसम में जब गहरी ठंड शुरू हो जावे तब विशेष पौष्टिक तत्वों से युक्त खान पान का सेवन जरूरी होता है। इसकी कमी से शरीर में गैस की समस्या रहती है, इसे हम समझ नहीं पाते हैं। इस मौसम में कब्ज नहीं रहे यह विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस मौसम में खानपान में निम्न खाद्य पदार्थों का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है:-

रेशेदार अनाज : गेहूं, बाजरा, मक्का, जौ, रागी, सोयाबीन तथा अंकुरित अनाज। **दालें :** उड़द की दाल के पदार्थ तिल-मूंगफली व पुराना गुड़ से बने पदार्थ, **स्वास्थ्यवर्धक पदार्थ :** चव्यनप्राश, आंवला, सेब का मुरब्बा आदि। **सब्जियों में :** पालक, गोभी, पत्ता गोभी, हरे मटर, लौकी, गाजर, मूली, ककड़ी, खीरा, चकुंदर, लहसून, ब्रोकली, अदरक, नींबू आदि। **ताजा फलों में :** सेब, अनार, संतरा, चीकू, पपीता, पाइनेपल, कैला, मौसमी आदि अथवा इसका बिना शक्कर का जूस। **अन्य पदार्थ में :** दूध, घी, मिश्री, शहद, खजूर, टमाटर का सूप, नारियल पानी ग्रीन टी, ताजा दही (दोपहर को), सुबह अदरक, लोंग व तुलसी डालकर दूध की चाय आदि। **सूखे मेवों में :** बादाम, अखरोट, चिलगोजा, पिस्ता, अंजीर, खजूर, तालमखाना, 2 छुआरों को दूध में उबालकर पीना लाभदायक रहता है। **मसालों में :** विशेषकर सौंठ, लौंग, दाल चीनी, काली मिर्च, दाना मेथी, तेजपत्ता, जायफल आदि। इस मौसम में प्रात:काल सूरज उगने से पहले उठाकर निवृत्त होकर साफ हवा में सैर करना शरीर की क्षमता अनुसार व्यायाम व योगासन करना। कुछ समय के बाद शरीर की मालीश करके अथवा उबटन करके गुनगुने पानी से स्नान करना बहुत ही लाभदायक रहता है। दिन में एक बार सुबह की धूप में बैठकर धूप का सेवन करने से विटामिन डी के सेवन से हड्डियों को बहुत ही लाभ पहुंचता है।

निम्न वस्तुओं के सेवन से सर्दियों में बचना चाहिये:-रुखे, बासे, कड़वे, अधिक ठण्डी प्रकृति के तथा खटाई में इमली खट्टा दही, आम का अचार आदि का अधिक मात्रा में व नियमित सेवन नुकसान पहुंचाता है। इसी प्रकार से कफ बढ़ाने वाले पदार्थ जैसे दुग्ध के बने उत्पाद केक, पेस्ट्री बेकरी प्रोडक्ट, मैदा के उत्पाद, सफेद ब्रेड, अधिक मिर्च मसालेदार पदार्थ जंक व पुास्ट फुड्स, कोल्ड ड्रिंक्स व अधिक ठंडे पेय पदार्थ, अधिक चाय, काफी तथा बाजार में बिकने वाले ऐसे पदार्थ जो प्रिजरवेटिव व शर्करायुक्त डालकर बनाए जाते हैं। इनका सेवन स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। देर तक जागना, सुबह देरी तक सोना, ठंड को सहन करना, देर तक भुख रहना, स्नान नहीं करना भी उचित नहीं रहता है।

त्वचा का रखें ध्यान

त्वचा हमारे शरीर के आंतरिक अंगों को ढक्कर बाहरी वातावरण से उनकी रक्षा करती है तथा शरीर के दूषित द्रव्यों को पसीने के माध्यम से बाहर निकालती है। शरीर के तापमान को नियंत्रित करती है एवं सूर्य की अल्ट्रावाइलेट किरणों से सुरक्षित रखती है। प्रात:काल में धूप के सेवन से विटामिन-डी का निर्माण होता है जो हड्डियों को मजबूती देता है। हम शरीर के इस महत्वपूर्ण अंग का ध्यान रखें, इसके लिए पोषण तत्वों का सेवन जरूरी है जिनमें ताजा फल, हरी व पत्तेदार सब्जियां, अंकुरित अनाज आदि जरूरी हैं। वहीं तेलीय पदार्थ, जंक व फास्ट फूड, मिर्च मसालों, चाय, काफी, कोल्ड ड्रिंक्स के सेवन तथा क्रीम, पाउडर, डियोड्रन्ट के अधिक प्रयोग से त्वचा खराब होती है।

त्वचा को ठीक रखने के लिए हमें फलों में संतरा, आंवला, पाइनेपल, स्ट्रावेरी, अमरूद, पपीता, जामुन, नीबूं आदि का सेवन करना ठीक है, इससे विटामिन सी मिलता है, जो त्वचा को लचीला व सुन्दर बनाता है। सब्जियों में गाजर, ब्रोकली, सलाद, पालक, ताजा फलियां, हरी सरसों, मेथी, बथुआ का सेवन करना चाहिये। अंकुरित अनाज का नियमित सेवन नाश्ते में करें। दही का सेवन भी त्वचा के लिए लाभदायक है।

अधिक मात्रा में मैदा, शक्कर, नमक, बेसन, डबलरोटी (ब्रेड), केक-पेस्ट्री, पास्ता का सेवन त्वचा के लिए हानिकारक होता है। गर्म पानी से स्नान करने पर त्वचा रूखी हो जाती है।

कैसे रखें त्वचा का ध्यान

- स्वच्छ जल का सेवन प्रतिदिन 8-10 ग्लास करना चाहिये, इससे त्वचा की नमी बनी रहती है।
- उबटन करें। आधा कटोरी जौ का आटा, एक चम्मच मलाई, आधा नींबू का रस व थोड़ा सा पानी मिलकर फेट लें। थोड़ी देर बाद इसे चेहरे व गर्दन पर मलकर 15 मिनट छोड़ दें। इसके बाद पानी से साफ कर लें, आप त्वचा में निखार अवश्य पायेंगे।
- आधा कटोरी बेसन, दो चम्मच ग्लीसरीन, एक चम्मच चन्दन पाउडर, एक चम्मच पीसी हल्दी, एक चम्मच गुलाब जल, नींबू की 5-6 बूंद डालकर थोड़ा पानी मिलाकर फेट लें। थोड़ी देर बाद इसे त्वचा पर लगाकर 15 मिनट छोड़ दें। इसके बाद पानी से धो लें। इससे मृत त्वचा हट जायेगी, त्वचा के छिद्र खुल जायेंगे तथा त्वचा निखर जायेगी।
- पके हुए पपीते को मेश करके थोड़ा नींबू की कुछ बूंदे डालकर मिक्स कर लें। इसके पेस्ट को चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद धो लें। ऐसा पेस्ट पके हुए केले का भी बना सकते हैं।
- गर्दन के कालेपन के निवारण के लिए मैदा में छाछ मिलाकर पेस्ट बनाएं व गर्दन पर लगाकर थोड़ी देर छोड़ दें। बाद में पानी से धो लें।
- त्वचा रुखी हो तो एक बड़े चम्मच दही में एक छोटा चम्मच शहद मिलाकर चेहरे व गर्दन पर लगायें। 10-15 मिनट बाद साफ पानी से धोयें।
- तेलीय त्वचा है तथा बार-बार पसीना आता है तो बार-बार ठंडे पानी से धोयें। चिकनाहट युक्त क्रीम का प्रयोग कम करें।
- नारियल तेल/सरसों तेल/आलिव ऑयल से त्वचा की मालिश करें। फिर कुछ देर बाद स्नान करें।

नोट : त्वचा रोग होने पर डॉक्टर से परामर्श कर उपचार करें।

श्रम ही जीवन है

परिवार समाज व देश के समुचित विकास के लिए श्रम को सत्य की तरह महत्व और सम्मान देने की आवश्यकता है। यह भारतीय ऋषि परंपरा के अनुरूप है। जो जीवन के 'सत्य' को समझ नहीं पाते वो श्रम की उपेक्षा करते हैं। जो 'सत्य' को समझते हैं वे 'श्रम' को अनिवार्य और मनुष्य की गरिमा बढ़ाने वाला मानते हैं। हमारी संस्कृति में ईश्वर को सच्चिदानंद (सत्+चित्+ आनंद) स्वरूप कहा गया है। सत अर्थात जो वास्तव में है श्रेष्ठ है, सदैव है। चित का अर्थ होता है- चेतन, ऊर्जावान, सक्रिय। इन दोनों गुणों को अंगीकार करने से ही 'आनंद' की प्राप्ति संभव होती है। सत्य की समझ भी अधिकांश व्यक्तियों को नहीं होती। वे सत्य को समझने की जगह अपनी मान्यता को ही 'सत्य' सिद्ध करने के लिए जी तोड़ प्रयास करते रहते हैं। सत्य को समझने और अपनाने के लिए विवेक और साहस दोनों को निखारना पड़ता है। जो जीवन के सत्य को समझेगा, वह ही श्रम के महत्व और गौरव को भी समझ सकेगा अन्यथा सत्य और श्रम, दोनों का प्रदर्शन भर करके वह उनसे किनारा कर लेगा। श्रम को सार्थक, गरिमामय में बनाना है तो उसके लिए श्रम के साधक में तीन प्रवृत्तियां होनी चाहिए:1. श्रम के प्रति सम्मान का भाव, 2. श्रम करने की पर्याप्त क्षमता तथा 3. श्रम की सृजनात्मकता। 'तप' शब्द के साथ ये तीनों भाव जुड़े हुए हैं। श्रम की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को हमें समझना चाहिए।

जीवन की पूर्णता प्राप्त करनी है तो परिश्रम करना ही पड़ेगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा है "श्रम ही जीवन है, जिस समाज में श्रम को महत्व नहीं मिला, वह जल्दी ही नष्ट हो जाता है।"

वर्तमान परिवेश में हमें परिवारों में, श्रम की महत्ता को समझना आवश्यक हो गया है। हमारे समाज में अधिकांश परिवारों के सदस्य शारीरिक श्रम से विमुख होते जा रहे हैं। परिवार की युवा सदस्य जिनमें बहू-बेटियां भी हैं, घर के श्रम संबंधित कार्यों को कम से कम करना चाहते हैं, इस तरह के कार्यों को करने में छोटापन महसूस करते हैं। वर्तमान में अधिकतर बहू-बेटियां झाड़ू पोछा, बर्तन साफ करना और कपड़े धोने के कामों को खुद न कर नौकरों/बाईयों से करवाने की अपेक्षा रखती हैं, जबकि वास्तव में इन कामों को स्वयं करने में व्यायाम के साथ-साथ बचत भी होती है। माना कि मोबाइल/ टीवी आदि देख कर मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान की वृद्धि होती है। किंतु अधिकांश समय इसमें व्यर्थ नहीं करना चाहिए। हर गृहणी को इसके लिए समय निर्धारित कर, उसका अनुशासित रूप से अथवा मन को वश में करते हुए, पालन करना चाहिए। आज युवा पीढ़ी शारीरिक श्रम के प्रति जागरूक होकर दैनिक जीवन को व्यवस्थित रखेगी तो आगे आने वाली पीढ़ियां भी आपका अनुसरण करेगी। श्रम का अनुदान व्यापक है। रोगों को दूर करने तथा आरोग्य लाभ देने के लिए मोर्चे पर श्रम ही जीतता है। विश्राम का सुख भी अपार है। यह सुख वास्तव में श्रम से थकने वालों को ही मिलता है। श्रम की थकान के बिना मोटे गद्दों पर वातानुकूलित कमरे भी लोगों की नींद उचटी-उखड़ी सी रहती है। बहुतों को तो नींद की गोली खाकर नींद लेनी पड़ती है। दूसरी ओर श्रमशील व्यक्ति कहीं भी लेट जाये तो गहरी नींद का सुख प्राप्त कर लेता है और उठने पर पूरी तरह तरोताजा व स्फूर्ति से भरा होता है। इसलिए हम सभी को श्रम का महत्व पर गौर कर स्वयं श्रम अवश्य करना चाहिए।

- राम प्रकाश मारवाल

माँ से शिकायत

मेरी माँ मेरी प्यारी माँ....
मेरे हर पल आँसू पूछती थी,
आज क्यू फिर रुला गयी।
तपती धूप से बचाती थी,
आज क्यू पेर जला गयी।।
मेरी माँ मेरी प्यारी माँ...

क्यू आज तुझे मुझपर दया न आयी,
क्यू आज तू मुझसे हो गयी परायी।
मै तो तेरी धड़कन से जीता था माँ,
फिर तू मेरे लिये क्यू जी नहीं पायी।।
मेरी माँ मेरी प्यारी माँ...

तू तो सह लेती थी दर्द मेरा,
मै तेरा दर्द सह नहीं पाऊँगा।
देख माँ देख मै रो रहा हू,
अब तो मै किसी से कुछ कह नहीं पाऊँगा।।
मेरी माँ मेरी प्यारी माँ...

तू ओझल होती थी नजरों से तो,
मेरा रोना सुनकर तू आजाती थी।
कहती थी हरपल पास हू तेरे,
दे दिल को दिलासा समझाती थी।।
मेरी माँ मेरी प्यारी माँ...

आजा माँ, दे दिल को दिलासा,
आँखे नम है मनमे है आशा।
आजाना माँ दर्द सहा नहीं जाता,
तुझ बिन माँ अब रहा नहीं जाता।।
मेरी माँ मेरी प्यारी माँ...

बस यही शिकायत है तुझसे माँ,
आज नींद मुझे क्यू नहीं आ रहीं।
देख आँख से आँसू भी न रुकते,
और मुझको तू भी नहीं सुला रही।।
मेरी माँ मेरी प्यारी माँ...

पृथ्वी राज धमुनिया (धरती)

प्रयागराज

पृष्ठ 6 से आगे...

आगे चल कर महर्षि भारद्वाज की मूर्ती के दर्शन किये। इसके आगे पं. मोती लाल नेहरू (भारत के प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू के पिता) का निवास स्थान 'आनन्द भवन' देखा। यह काफी लम्बे चौडे परिसर के मध्य में स्थित विशाल इमारत है, इसके साथ ही लगता हुआ स्वराज भवन है, यह श्रीमती इंदिरा गांधी का जन्म स्थान है। ये दोनों अब संग्रहालय है।

'अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद पार्क' पहुंचे। यह पार्क बहुत बडे क्षेत्र में फैला हुआ है, इसको पहले कम्पनी बाग के नाम से जानते थे। इसका वॉकिंग ट्रैक 2.9 किलोमीटर का है। इसी परिसर में आगे 'इलाहाबाद संग्रहालय' है। इसमें अन्य कई चीजों के साथ ही ''आजाद का माउजर (पिस्तोल) व गांधीजी का शव यात्रा वाहन भी है। घर आकर दोपहर का भोजन कर कुछ देर विश्राम किया।

दोपहर बाद खुसरो बाग देखने के लिये रवाना हुये रास्ते में ''ऑल सेन्ट केथेड्रल चर्च'' देखते हुये ''खुसरो बाग'' पहुँचे। खुसरो बाग का निर्माण राजकुमार सलीम (अकबर के पुत्र) ने सैरगाह के रूप में करवाया था। अब यहां चार केन्द्रिय संरक्षित स्मारक हैं जिन्हें शाह बेगम का मकबरा, खुसरो का मकबरा निसार बेगम का मकबरा व बीबी तमोलन के मकबरे के नाम से जाना जाता है। यहां खजूर के वृक्षों की श्रॅंखला का मनोरम दृश्य है। यहां फोटोग्राफी की फिर यहां से घर आ गये।

प्रात: जल्दी स्नान कर चित्रकूट के लिये रवाना हुये। रास्ते में मित्र ए.के. सिंह का पैतृक गांव रैपुरा आता है। चित्रकुट (कर्वी) के ''रामघाट'' पर पहुंच कर घाट में नौकायन का आनन्द लिया। यह घाट मंदाकिनी नदी के तट पर है।

चित्रकूट के घाट पर भई सन्तन की भीर,
तुलसीदास चन्दन घिसे, तिलक करे रघुवीर।

तोतामुखी हुनमान जी के इशारे पर ही तुलसीदास जी को भगवान राम के यहां दर्शन हुये थे। यहां घाट पर तोता मुखी हुनमान जी की मूर्ति भी है। उपरोक्त दोहा यहां कई जगह लिखा हुआ है फिर घाट पर बना वो स्थान देखा जहां तुलसीदास जी की चन्दन घिसते हुये की मूर्ति स्थापित है।

यहां से अगले पडाव पर रोप वे द्वारा पहाड पर स्थित अनवरत बहती हुई ''हनुमान धारा'' देखने पहुंचे। कहते है लंका दहन के बाद समुद्र में कूदने के बाद भी हनुमान जी की शरीर की जलन समाप्त नहीं हुई थी तो राज्याभिषेक के बाद भगवान श्री राम ने हनुमान जी को विन्ध्यगिरि पर निवास करने के लिये कहा, यहां पर पर्वत से निकली हुई जलधारा अनवरत आज भी श्री हनुमंत लाल जी की पावन देह को प्लावित करती है। इसके थोडी उपर सीता रसोई है। वापस आते हुये ऊँचाई पर स्थित चित्रकूट का निर्माणाधीन हवाई अड्डा देखा। रास्ते में रूककर साथ लाये हुये पैक लंच का रसास्वादन किया। फिर विनायक राव पेशवा द्वारा बनवाया गया गणेश बाग देखा जहा लघु गर्भगृह के साथ-साथ आयताकार मण्डप है। इसके पार्श्व में सातमंजिला जलाशय व सुन्दर बावडी बनी हुई है।

वापस गांव पहुंचने से पहले खेतों की तरफ बने जलाशय तक जाने के लिये रोड के पास ही अरूण के परिजनों द्वारा निर्मित प्रवेश द्वार बना हुआ है। द्वार से कुछ दूर अन्दर चलने पर सूती के भैरव जी का मंदिर व सुन्दर जलाशय है जिस की पाल के मुख्य हिस्से का पक्का निर्माण कर सुन्दर रंगों से सजाया गया है। यह स्थान बहुत ही शांत व रमणीक लगा। शाम को गांव के दक्षिण पूर्व में थोडी दूरी पर बने हुये बहुत बडे बांध को देखने गये। सूर्यास्थ का बहुत ही मनोरम दृश्य था यहां। यहीं पर आस-पास के गांवों के पेयजल के लिये योजना पर काम चल रहा था। फिर घर आ गये। पिताजी गांव के विकास के सौपान बयान करने वाली 'मेधा स्मारिका का प्रकाशन करवाते है। मुझे कुछ स्मारिकाओं की प्रतियां भी भेंट की। फिर रात्रि विश्राम किया।

प्रात: नित्यकार्यों से निवृत होकर, स्नान के कपड़े साथ लेकर गांव रैपुरा से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित श्री परमहंस आश्रम, धारकुण्डी के लिये रवाना हुये। राजापुर- माणिकपुर सड़क मार्ग से चलने पर गांव से थोडी दूर अस्पताल भवन बना हुआ है।

क्रमश:...

छेड़छाड़ पर 4 वर्ष का कारावास

बच्ची की छेड़छाड़ पर जज की कविता

पोस्को कोर्ट कोटा ने छेड़छाड़ के आरोपी को 4 वर्ष का कठोर कारावास 10 हजार रुपए जुर्माना तथा पीड़िता को 2 लाख रुपए देने का निर्णय देते हुए यह कविता भी लिखी-

